# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी वन मण्डल सिंगरौली (म0प्र0)

माजन मोड़ जिला पंचायत के बगल में

ईमेल–dfot.sgl@mp.gov.in. फोन–07805-233336 फैक्स–233335


सूचना का अधिकार

सिंगरौली, दिनांक 12-05-022

क्र0 / मा0चि0 / 2540

प्रति,

महाप्रबंधक
झिंगुरदहा परियोजना एन.सी.एल.
सिंगरौली म0प्र0

विषयः– सिंगरौली जिले में बोदराटोला ग्राम की मौजूदा सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु 0.957 हेक्टेयर वनभूमि झिंगुरदहा परियोजना, नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (NCL) सिंगरौली को उपयोग पर देने बावत्। (ऑनलाईन क्रमांक FP/MP/ROAD/143702/2021)

संदर्भः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) मध्यप्रदेश सतपुडा भवन, म0प्र0 भोपाल का पत्र क्रमांक / एफ–5 / 1102 / 2022 / 10–11 / 1617 भोपाल, दिनांक 06.05.2022।

–000–

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से बोदराटोला ग्राम की मौजूदा सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु महाप्रबंधक झिंगुरदहा परियोजना एन.सी.एल. को वनमण्डल सिंगरौली की प्रभावित वन भूमि रकवा 0.957 हे0 के व्यपवर्तन हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत प्रस्ताव में प्रथम चरण की (सैद्धान्तिक) सशर्त स्वीकृति जारी की गयी है। जिसमें वन परिक्षेत्र बैढ़न के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 262 रकवा 0.957 हे0 वन भूमि प्रभावित हो रही है।

2. प्रथम चरण की (सैद्धान्तिक) सशर्त स्वीकृति के अनुसार एन.पी.व्ही की राशि एवं प्रकरण में कोई वृक्ष काटे जाना है, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार काटे जाने वाले वृक्षों का 10 गुना रोपण अथवा 100 वृक्षों का रोपण किया जाना होता है। अतः प्रकरण में 100 वृक्षों की राशि , 2000 /– प्रति वृक्ष की दर से राशि का विवरण निम्नानुसार हैः–

| शर्त क्र0 | मद का नाम | कैम्पा मद में जमा की जाने योग्य राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 2 | नेट प्रेजेन्ट वैल्यू | 916595.00 |
| 4 | 100 वृक्षों की राशि 2000 /– प्रति वृक्ष के दर से | 200000.00 |
| | योगः– | 1116595.00 |

3. एन.पी.व्ही. की राशि रू. 9,16,595 /– (रू. नौ लाख सोलह हजार पॉच सौ पंचानवे मात्र) एवं 100 वृक्षों की राशि 2000 /– प्रति वृक्ष के दर से राशि रु. 2,00,000 /– (रु. दो लाख मात्र) होती है, कुल राशि रू. **11,16,595 /– (रु. ग्यारह लाख सोलह हजार पॉच सौ पंचानवे मात्र)** कैम्पा मद में भारत सरकार की वेबसाईट के माध्यम से जमा कराकर चालान एवं यू.टी.आर. की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

4. साथ ही प्रथम चरण सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित समस्त शर्तों का पालन प्रतिवेदन एवं वचन पत्र चार प्रतियों में टेबुलर फार्म में प्रस्तुत करें, ताकि पालन प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय की ओर प्रेषित किया जा सके।

12/5

(मधु व्ही. राज)
वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

पृ0क्र0 / मा0चि0 / 2541

सिंगरौली दिनांक 12-05-022

प्रतिलिपिः–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) मध्यप्रदेश, सतपुड़ा भवन भोपाल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक रीवा वृत्त रीवा की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

F:\shweta docs\Road\Bodarhwatola Village, Jhingurda\Bodarhwatola Village, Jhingurda.docx

Scanned by CamScanner